ASN Senior Secondary School

Mayur Vihar-I, Delhi-110091

CIR No. ASN/P/2021/66 Date : 31/07/2021

Dear Parent

ASN Senior Secondary School acknowledges the fact that Good health is a prerequisite for national development. The health and safety of our students and school communities continue to be our highest priority.

As a school we continue to support, advocate and mobilize all Government initiatives. The Directorate of Family Welfare from GNCTD has initiated the National Deworming campaign from 2nd August 2021 to 7th August 2021. As part of the campaign age appropriate dose of Albendazole will be administered through home visits by a team of Anganwadi and Asha workers to all eligible children and adults under the age group of 1 to 19 years.

You are requested to translate the vision and promote the need for comprehensive preventive measures.

Please find annexed the Pamphlet as received by DOE.

Praying for good health and well-being of all.

Swarnima Luthra

Principal

ANNEXURE 'A'

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान

2 से 7 अगस्त, 2021

ध्यान दें:

1

2

1–3 साल के बच्चों के लिए गोली को पूरी तरह चूरा करके, पीने के पानी में मिलाकर पिलाएं।

3

3–19 साल के बच्चों को गोली चबाकर पानी के साथ दें।

4

एल्बेंडाजोल देने के साथ-साथ रजिस्टर में रेकार्ड करें।

5

जो बच्चे बिमार हैं या कोई अन्य दवाई ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवाई ना दें

6

बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा (एल्बेंडाजोल) आशा/आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा घर जाकर दी जाएगी। इनका सहयोग करें

कृमि नियंत्रण की दवा खिलाने के साथ-साथ अभिभावक व बच्चों को कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए महत्त्वपूर्ण व्यवहारों के बारे में बताएं

परिवार कल्याण निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

ANNEXURE 'B'

कृमि कैसे फैलता है।

1. संक्रमित बच्चे के शौच में कृमि के अंडे होते हैं। खुले में शौच करने से ये अंडे मिट्टी में मिल जाते है और विकसित होते हैं।

2. अन्य बच्चे नंगे पैर चलने से, गंदे हाथों से खाना खाने से या फ़िर बिना ढ़का हुआ भोजन खाने से, लार्वा के संपर्क में आने से संक्रमित हो जाते हैं।

3. संक्रमित बच्चों में कृमि के अंडें व लार्वा रहते है और बच्चों के स्वास्थ्य को हानि पहुचाँते है।

कृमि संक्रमण का बच्चों की सेहत पर असर

- कुपोषण
- खून की कमी (एनीमिया)
- भूख न लगना
- पेट में दर्द व सूजन
- उल्टी और दस्त
- मल में खून आना

- कृमि की जितनी अधिक संख्या होगी, संक्रमित बच्चों में लक्षण उतने अधिक होंगे
- हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आम तौर पर कोई लक्षण दिखाई नहीं देते

बच्चों में कृमि नियंत्रण के फायदे

- खून की कमी में सुधार
- बेहतर पोषण स्तर
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद
- आंगनवाड़ी और स्कूल में उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता में सुधार
- भविष्य में कार्य क्षमता और औसत आय में बढ़ोतरी
- समुदाय में अन्य सदस्यों को भी कृमि नियंत्रण का लाभ मिलता है क्योंकि वातावरण में कृमि की संख्या कम हो जाती है

यह दवाई बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है

1. जो बच्चे बीमार हैं, या कोई अन्य दवाई ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवाई नहीं दी जाएगी।
2. ध्यान दें कि बच्चे गोली चबाकर, साफ पानी के साथ लें।
3. जिन बच्चों में अधिक संख्या में कृमि होते हैं, उन्हें दवाई देने पर पेट में हल्का दर्द, मितली, उल्टी, दस्त और थकान महसूस हो सकती है। यह मामूली साइड इफेक्ट हैं, जो कुछ समय में ठीक हो जाते हैं और नज़दीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर आसानी से संभाले जा सकते हैं।
4. अभिभावक किसी भी आपातकालीन स्थिति में ए.एन.एम./नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें या कैट्स एम्बुलेंस हैल्पलाईन न0. 102 पर फोन करें।

'कृमि मुक्त दिल्ली' के लिए इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ।

DIRECTORATE OF FAMILY WELFARE GOVT. OF DELHI

परिवार कल्याण निदेशालय,
राष्टीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन